# जे.एस.पी. एम.

# ब्लॉसम पब्लिक स्कूल

## वार्षिक परीक्षा (२०२३-२४)

## विषय :- हिंदी

**कक्षा :- आठवीं** **अंक :- ८०**

**दिनांक :- १५.०३.२०२४** **समय :- ३ घंटें**

---

**प्रश्न.क) नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (१x२०)**

१) बुराई में रस लेना बुरा है क्योंकि______

क) बदले की भावना का जन्म होता है ख) संबंध खराब होते है

ग) सामाजिक मूल्यों का पतन होता है घ) उपर्युक्त सभी

२) कंडक्टर कहाँ गया था?

क) बस ठीक कराने ख) डाकुओं को बुलाने ग) नई बस लाने घ) पुलिस स्टेशन

३) चोटी किन प्रयासों से बड़ी होगी?

क) बाल बनाने से ख) गूँथने से ग) दूध पीने से घ) उपर्युक्त सभी

४) नदियों का पानी सूर्य के तापमान के कारण_______ होता है।

क) प्रक्षेपित ख) वाष्पीकृत ग) संघनित घ) बर्फीला

५) पानी की अवस्थाएँ हैं -

क) ठोस ख) गैस ग) द्रव्य घ) उपर्युक्त सभी

६) चालक व चालाक, शब्द का क्रमशः अर्थ है -

क) ड्राइवर व चतुर ख) होशियार व चतुर ग) चतुर व ड्राइवर घ) सारथी व ड्राइवर

७) गण व गण्य, शब्द का क्रमशः अर्थ है-

क) समूह व गिनने योग्य                    ख) लोग व समूह।

ग) गिनने योग्य व समूह।                    घ) गिनने योग्य व लोग

८) "बहुत कम वर्षा होना" वाक्यांश के लिए उचित शब्द है-

क) अतिवृष्टि      ख) सूखा      ग) अकाल      घ) अनावृष्टि

९) "जो उपकार को माने"वाक्यांश के लिए उचित शब्द है-

क)कृतघ्न      ख) कृतज्ञ      ग) सुलभ      घ)नास्तिक

१०) 'प्+र्+अ+त्+इ+ष्+ठ्+आ', वर्ण संयोजन कीजिए।

क) परिष्ठा      ख) प्रतीष्ठा      ग) प्रतिष्ठा      घ) प्रतीस्था

११) 'सुरक्षा', शब्द का वर्ण विच्छेद कीजिए।

क) स्+उ+र्+अ+क्+ष्+आ                    ख) स्+ऊ+र+क्+ष्+आ

ग) सु+र+क्षा                    घ) स्+उ+र्+अ+क्ष्+आ

१२) 'मेरे को चोट लग गई।',वाक्य का संशोधित रूप है-

क) मेरे को चौट लग गई ।                    ख) मुझे चोट लग गई।

ग) मैरे को चोट लग गई।                    घ) मुझे चौट लग गई।

१३) 'दूध में कोई पड़ गया है।', वाक्य का शुद्ध रूप है-

क) दूध में कुछ पड़ गया है।                    ख) दुध में कूछ पड़ गया है।

ग) दूध में कोई पढ़ गया है।                    घ) इनमें से कोई नही

१४) त्रुटिपूर्ण चिह्न कहलाते हैं-

क) हंसपद      ख) काकपद      ग) क व ख दोनो      घ) इनमें से कोई नही

१५) 'यह प्रश्न क्लिष्ट (कठिन) है।',उपरोक्त वाक्य में विराम चिह्न हैं-

क) पूर्णविराम      ख) इकहरा उद्धरण चिह्न      ग) कोष्ठक      घ) उपर्युक्त सभी

१६) ७ व ८ अगस्त को किस प्रस्ताव पर विचार किया गया?

क) असहयोग प्रस्ताव।　　　　　　ख) धर्म निरपेक्ष प्रस्ताव

ग) आजादी प्रस्ताव।　　　　　　घ)भारत छोडो.प्रस्ताव

१७) मृत्यु-शय्या पर पडे टैगोर को क्या चिंता सता रही थी?

क) अंग्रेज कब जाएंगे　　　　　　ख)अंग्रेज कैसा भारत छोड़ जाएंगे

ग) अंग्रेज क्या ले जाएंगे　　　　　　घ) क व ग दोनो

१८) मुस्लिम लीग की स्थापना किसने की?

क) नेहरू ने　　ख) जिन्ना ने　　ग) गांधी ने　　घ) पटेल ने

१९) भारत की सजीव सामर्थ्य है-

क) आगामी पीढ़ी　ख) वर्तमान पीढ़ी　ग) पिछली पीढ़ी　घ) इनमें से कोई नहीं

२०) प्रथम विश्व युद्ध का क्या प्रभाव पड़ा ?

क) देश में शांति बढ़ी　　　　　　ख) दमनकारी कानून बने

ग) क व ख दोनो　　　　　　घ)इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न ख.१) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (१x८)**

"सच्चा उत्साह वही होता है जो मनुष्य को कार्य करने के लिए प्रेरणा देता है। मनुष्य किसी भी कारणवश जब किसी के कष्ट को दूर करने का संकल्प करता है, तब जिस सुख को वह अनुभव करता है, वह सुख विशेष रूप से प्रेरणा देने वाला होता है। जिस भी कार्य को करने के लिए मनुष्य में कष्ट, दुःख या हानि को सहन करने की ताकत आती है, उन सबसे उत्पन्न आनंद ही उत्साह कहलाता है ,उदाहरण के लिए दान देने वाला व्यक्ति निश्चय ही अपने भीतर एक विशेष साहस रखता है और वह है धन त्याग का साहस। यही त्याग यदि मनुष्य प्रसन्नता के साथ करता है, तो उसे उत्साह से किया गया दान कहा जाएगा, उत्साह आनंद

और साहस का मिला-जुला रूप है। उत्साह में किसी न किसी वस्तु पर ध्यान अवश्य केंद्रित होता है। वह चाहे कर्म पर, चाहे कर्म के फल पर और चाहे व्यक्ति या वस्तु पर हो। इन्हीं के आधार पर कर्म करने में आनंद मिलता है। कर्म भावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव केवल सच्चे वीर ही कर सकते हैं क्योंकि उनमें साहस की अधिकता होती है। सामान्य व्यक्ति कार्य पूरा हो जाने पर जिस आनंद का अनुभव करता है, सच्चा वीर कार्य प्रारंभ होने पर ही उसका अनुभव कर लेता है। आलस्य उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु है। जो व्यक्ति आलस्य से भरा होगा, उसमें काम करने के प्रति उत्साह कभी उत्पन्न नहीं हो सकता। उत्साही व्यक्ति असफल होने पर भी कार्य करता रहता है। उत्साही व्यक्ति सदा दृढनिश्चयी होता है।"

१) सच्चा उत्साह क्या है?

२) दूसरों के कष्ट दूर करने से प्राप्त सुख कैसा होता है?

३) दान की प्रक्रिया में कौन सा साहस मौजूद होता है?

४) कर्म भावना से उत्पन्न आनंद का अनुभव कौन कर पाता है?

५) उत्साही व्यक्ति असफल होने पर क्या करते हैं?

६) उत्साह का सबसे बड़ा शत्रु कौन है?

७) दृढनिश्चयी कौन होता है ?

८) 'आवश्यक ' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

**२) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**(१x७)**

मैं मजदूर मुझे देवों(अमीर)की बस्ती से क्या?
अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए।
अंबर पर जितने तारे, उतने वर्षों से,

मेरे पुरखों ने धरती का रूप संवारा।

युगों- युगों से इन झोपड़ियों में रहकर भी,

औरों के हित लगा हुआ हूँ महल सजाने।

ऐसे ही मेरे कितने साथी भूखे रह,

लगे हुए हैं औरों के हित अन्न उगाने।

इतना समय नही मुझे जीवन में मिलता,

अपनी खातिर सुख के कुछ सामान जुटा लूँ।

१) मजदूरों ने धरती पर कितनी बार स्वर्ग बनाए हैं?

२) धरती का रूप कौन संवारता है?

३) भूखा रहकर औरों के लिए अन्न कौन उगाता है?

४) समय न मिलने के कारण मजदूर किससे वंचित है?

५) धनी लोगों के महल सजाने वाले स्वयं कहाँ रहते हैं?

६) देवों की बस्ती किसको कहा गया है?

७) 'धरा' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

**प्रश्न.ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।**

**(२x५)**

१) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

क) कमर कस लेना　　　　　ख) गागर में सागर भरना

२) निम्नलिखित वाक्यों को कर्तृवाच्य में बदलिए।

क) लड़की द्वारा सेब काटा गया।

ख) कोयल से गाया जा रहा है।

३) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध के भेद लिखिए।

क) बारिश <u>झम-झम करते हुए बरस रही है।</u>

ख) <u>बहुत मेहनत करने वाला</u> लड़का प्रतिभावान भी है।

४) निम्नलिखित पदों में अलंकार पहचानकर ,भेद लिखिए ।

क) जेहि गिरि चरण देई हनुमंता, ते चलि गए पाताल तुरंता।

ख) रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीता राम।

५) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पद का परिचय लिखिए।

क) <u>उदित</u> बच्चों को पढ़ाता है।

ख) <u>मैं</u> तुम्हें एक कहानी सुनाऊँगा ।

**प्रश्न.घ अ)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

**(१x५)**

१) अपशब्द की प्रतिक्रिया का परिणाम क्या होता है?

२) ईमानदारी को किसका पर्याय कहा गया है ?

३) ओस को किस पर क्रोध आ रहा था?

४) बाज की अंतिम इच्छा क्या थी?

५) लाला झाऊलाल ने किससे सहायता माँगी?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए ।**

**(२x५)**

१) कबीर के अनुसार ,म्यान का मोल क्यों नहीं करना चाहिए ?

२) पंडित जी ने झाऊलाल को क्यों नही पहचाना ?

३) गोपियों की माता यशोदा के प्रति क्या भावना थी?

४) कुछ नहीं करने वाला सुखी कैसे है ?

५) कृष्ण के अनुसार, बालों के ना बढ़ने का क्या कारण था?

**इ) निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए ।**

**(२x१)**

" माला तो कर में फिरै, जीभि फिरै मुख मांहि।

मनुवा ँतो दहुँ दिसि फिरै,यह तो सुमिरन नांहिं।।"

**ई) किसने, किससे कहा और क्यों कहा?**

**(२x२)**

१) "मेरे जीवन में सौ-दो सौ वर्ष दाल में नमक के समान भी नही है।"

२) "इस भेद को मेरे सिवाय मेरा ईश्वर ही जानता है।"

**उ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए ।**

**(४x१)**

१) बाज के चारित्रिक गुणों की व्याख्या कीजिए।

**प्रश्न.ङ) निर्देशानुसार उत्तर लिखिए ।**

**(५x२)**

**अ) अपने मित्र को ,हिंदी ओलम्पियाड में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**अ) विज्ञान प्रयोगशाला में कोई सामान टूट जाने पर, दंड माफ़ी हेतु प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।**

**आ) अध्यापक व छात्र के मध्य विषय चयन से संबंधित बातचीत लिखिए।**